हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार 17 जनवरी 2026



11 कांग्रेस की ओर से फैलाए भ्रम का तिलिस्म...





12 हादसों से बचने के लिए चालक सड़क की बजाय रेस्ट...




*किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम एवं समृद्ध बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई योजना*

# एग्रीस्टैक आईडी बनवाने में टॉप पर महेंद्रगढ़, 74500 किसान जुड़े

*एग्रीस्टैक आईडी नहीं बनवाने पर किसानों को नहीं मिलेगा पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा, सब्सिडी पर खाद-बीज एवं अन्य योजनाओं का लाभ*

- भविष्य में फसलों के लिए खाद भी इसी आईडी के आधार पर मिलेगा

राजकुमार ▶▶ नारनौल

सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम एवं समृद्ध बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई एग्रीस्टैक योजना के तहत अपनी आईडी बनवाना अनिवार्य है। यदि कोई किसान यह आईडी नहीं बनवाते हैं तो उन्हें मार्च माह में आने वाली पीएम किसान सम्मान निधि के पैसे रूपी लाभ ही नहीं अन्य किसान कल्याण की योजनाओं से वंचित होना पड़ सकता है।

भविष्य में फसलों के लिए खाद भी इसी आईडी के आधार पर मिलेगा। इसलिए जो किसान एग्रीस्टैक आईडी बनवाने में आनाकानी कर रहे हैं, वह सचेत हो जाएं, क्योंकि उन्हें सरकारी योजनाओं के लाभ से हाथ धोना पड़ सकता है। इस योजना के आईडी बनवाने में जिला महेंद्रगढ़ फिलहाल प्रदेश में टॉप पर बना हुआ है और जिला महेंद्रगढ़ अब तक करीब 74500 किसानों ने अपनी एग्रीस्टैक आईडी बनवा ली है एवं यह सिलसिला बदस्तूर जारी है।



नारनौल। गांव में लगाए गए कैंप में आईडी बनवाते किसान। फोटो : हरिभूमि

गौर हो कि एग्रीस्टैक भारत सरकार द्वारा बनाया गया एक डिजिटल इकोसिस्टम है, जिसका लक्ष्य भारतीय कृषि क्षेत्र के लिए एक व्यापक डेटाबेस तैयार करना है, जिसमें किसान की पहचान, भूमि रिकॉर्ड, आय, ऋण और फसल की जानकारी शामिल है, ताकि किसानों को समय पर, सही और व्यक्तिगत सेवाएं (जैसे सस्ता कर्ज, गुणवत्तापूर्ण खाद, बाजार तक पहुंच) मिल सकें और सरकारी योजनाओं का लाभ सुचारु रूप से मिले।

यह विभिन्न सरकारी और निजी संस्थाओं को किसानों के लिए अनुकूलित सेवाएं देने में मदद करता है। हरियाणा में एग्री स्टैक पोर्टल योजना 18 दिसंबर 2025 को लांच की गई थी। इस योजना के तहत सरकार ने राज्य के सभी काश्तकार किसानों की एक विशिष्ट आईडी (यूनिक आईडी) बनाना शुरू किया है, जिससे भविष्य में कृषि से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से और पारदर्शी तरीके से प्राप्त किया जा सके। इस पोर्टल पर पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) कृषि योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अनिवार्य है। किसान अपने निकटतम गांव शिविरों में जाकर या हरियाणा एग्री स्टैक पोर्टल पर जाकर इस योजना के तहत अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### यह बोले डीडीए

*भारत सरकार और हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एग्रीस्टैक के तहत जिले के सभी किसानों के लिए अपनी विशिष्ट किसान आईडी बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। जिले के किसानों से कृषि तथा राजस्व विभाग की टीम का सहयोग करने की अपील की है, ताकि कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता और आधुनिकता का एक नया युग शुरू हो सके। जो किसान समय रहते अपनी आईडी नहीं बनवाएंगे, उन्हें भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो सकती है। विशेष रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा, जिन्होंने एग्रीस्टैक के तहत पंजीकरण करा लिया है।*

*-देवेंद्र सिंह, उप निदेकश, कृषि विभाग, नारनौल*

### प्रत्येक गांव में लग रहे कैंप

जिले में एग्री स्टैक पोर्टल को लेकर प्रत्येक गांव में यूनिक आईडी बनाने के लिए पंजीकरण कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक गांव में गठित टीम में राजस्व विभाग से पटवारी, कृषि विभाग से अधिकारी एवं एक कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हैं। प्रशासन की ओर से लगाए जा रहे कैंपों में किसान अपनी आधार कार्ड की प्रति, आधार से लिंक मोबाइल नंबर और जमीन की फर्द अवश्य साथ लेकर आएं और यूनिक आईडी बनवाएं।

### बढ़ेगी दक्षता

कृषि अधिकारियों का मानना है कि एग्री स्टैक योजना से किसानों को डिजिटल पहचान, भूमि रिकॉर्ड, आय, ऋण और फसल की जानकारी का एक एकीकृत डेटाबेस मिलेगा, जिससे सरकारी योजनाओं (जैसे पीएम किसान, बीमा, ऋण) का सीधा और तेज लाभ, बेहतर कृषि सलाह, सटीक मौसम पूर्वानुमान और बाजार तक बेहतर पहुंच जैसे फायदे होंगे, जो पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाते हुए धोखाधड़ी कम करते हैं। प्रदेश के सभी काश्तकार किसानों को एक डिजिटल मंच पर जोड़ना और उन्हें कृषि से संबंधित सुविधाओं का लाभ सरल एवं पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराना है।



नांगल चौधरी। लॉजिस्टिक हब में धरना आरंभ करने से पहले हवन करते ग्रामीण।

**लॉजिस्टिक हब में धरने पर बैठे किसान**

## कलेक्टर रेट से कम मुआवजे पर जमीन अधिग्रहण करने का आरोप

*दबाव बनाकर खरीदी जमीन से किसानों को 35 से 38 लाख रुपये प्रति एकड़ का हुआ नुकसान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर

लॉजिस्टिक हब के लिए जमीन की खरीद फरोख्त प्रक्रिया से आक्रोशित ग्रामीणों ने धरना आरंभ कर दिया। उन्होंने कलेक्टर रेटों से कम मुआवजा देकर जमीन अधिग्रहण करने के आरोप लगाए हैं। किसानों को 35 से 38 लाख रुपये प्रति एकड़ का नुकसान हुआ है। जिसकी भरपाई के लिए उन्होंने विशेष आर्थिक मुआवजा देने की गुहार लगाई है। आक्रोशित ग्रामीणों ने हवन में आहुति डालने के बाद सरकार विरोधी नारेबाजी की तथा मांग स्वीकृत होने तक धरना जारी रखने का अल्टीमेटम दिया है।

किसान ब्रह्मप्रकाश यादव, कृष्ण कुमार, सुरेश बोहरा, शेरसिंह आदि ने बताया कि बसीरपुर गांव की जमीन लॉजिस्टिक हब के लिए खरीदी गई थी, लेकिन खरीद की प्रक्रिया में एक्ट 2013 के अनुच्छेद 26 से 32 के तहत मिलने वाले अधिकारों से अवगत नहीं कराया। इतना ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र में लागू होने वाले गणक, 100 फीसदी सोलेशियम, 12 फीसदी अतिरिक्त राशि व आर एंड आर नियमों की पालना नहीं हुई थी।

असवैंधानिक खरीद मानकों पर कई किसानों की ओर से आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद उनकी सहमति बता दी। जिसके खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी।

### उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मुआवजा देने की मांग

सरकार के नियमों की जानकारी मिलने पर बसीरपुर के ग्रामीण आक्रोशित हो गए तथा लॉजिस्टिक हब के पास शुक्रवार सुबह हवन का आयोजन किया। जिसमें आहुति डालने के बाद अनिश्चितकालीन धरना आरंभ कर दिया। उन्होंने सरकार से उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार जमीन का मुआवजा देने की मांग की है, साथ ही जमीन के रेट निर्धारित करने के मापदंडों को सार्वजनिक करने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि जमीन खरीदने से पहले उन्हें बच्चों को रोजगार देने व अन्य सुविधाएं देने के सपने दिखाए गए थे। अधिग्रहित जमीन पर निर्माण प्रक्रिया आरंभ हो गई है, लेकिन अभी तक ग्रामीणों को नौकरी व रोजगार का गारंटी बॉन्ड नहीं मिला है।

## 80 वर्षीय वृद्धा के कानों के आभूषण लेकर युवक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

करीब 80 वर्षीय महिला को झांसा देकर दो अज्ञात युवकों ने उसके कानों के सोने के आभूषण उतरवा लिए और उन्हें लेकर फरार हो गए।

मोहल्ला फ्रांसखाना निवासी मूर्ति देवी शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे अपने बड़े बेटे सुंदरलाल के घर से छोटे बेटे विजय उर्फ महेश के घर परशुराम कॉलोनी जाने के लिए निकली थी। परिजनों ने बताया कि वह आमतौर पर किसी न किसी परिजन के साथ ही बाहर जाती थी, लेकिन आज वह अकेली ही घर से निकली थी। जब मूर्ति देवी ट्रॉमा सेंटर नारनौल के पास पहुंची तो एक युवक ने उन्हें रोककर सतनाली जाने का रास्ता पूछा। उन्होंने युवक को महावीर चौक की ओर जाने की जानकारी दी। इसी दौरान एक अन्य युवक स्कूटी पर वहां पहुंचा और महिला से थैले में रखे कूपन निकालने के लिए कहने लगा। महिला के मना करने के बावजूद दोनों युवक लगातार दबाव बनाते रहे और खुद को बेटे जैसा बताते हुए भरोसा दिलाने लगे। पीड़िता के अनुसार दबाव में आकर जैसे ही उन्होंने थैले में हाथ डाला, उसके बाद उन्हें कुछ भी ठीक से याद नहीं रहा। इसी दौरान युवकों ने उनके कानों से सोने के कुंडल उतार लिए। जब महिला ने आभूषण वापस मांगे तो आरोपितों ने सामने चाय की दुकान से लेने की बात कही और मौके से फरार हो गए।

### सरेबाजार लड़की का पर्स छीन युवक फरार

**नारनौल।** शहर में सरेआम एक लड़की से पर्स स्नेचिंग का मामला सामने आया है। थाना शहर पुलिस ने लड़की की शिकायत पर बाइक सवार दो अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में मोहल्ला मियां की सराय निवासी रवीना ने बताया कि वह एक शोरूम पर काम करती है। ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह पूनम साड़ी शोरूम, महावीर मार्ग से पैदल अपने घर जा रही थी। इसी दौरान सामने से मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दो युवक उसके पास से गुजरे। आरोप है कि बाइक के पीछे बैठे युवक ने अचानक उसके गले में डाले हुए पर्स पर झपटा मारा और उसे छीनकर दोनों युवक मौके से फरार हो गए। रवीना ने शोर मचाया, जिस पर वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने मदद की। मौके पर मौजूद लोगों ने मोटरसाइकिल का नंबर भी बताया। कुछ लोगों ने आरोपितो का पीछा भी किया, लेकिन दोनों युवक बाइक सहित भागने में सफल रहे।


THE VEDANTA INTERNATIONAL SCHOOL

Shaping minds, building a better future



TALENT से पहचान

MEGA SCHOLARSHIP TEST

Date & Time - 18th January, 2026 at 10:00 AM

One Test. One Day. A Better Future for **Your Child.**

**Scholarship Slabs:**

- **Upto 100% Scholarship:** For Test Toppers
- **75% Scholarship:** National Achievers
- **50% Scholarship:** State Achievers
- **25% Scholarship:** District Achievers

**EXAM PATTERN & SYLLABUS:**

(Duration: 60 Minutes for all classes)

| Class Group | Subjects Covered | Total Marks |
|---|---|---|
| LKG - UKG | Maths (10), EVS (10), Eng (10), Hindi (10) | 40 |
| Class I - V | Maths (10), EVS (10), Eng (10), Hindi (10), Writing Skill (5 Mark each – Hindi & Eng) -2Q) | 50 |
| Class VI | Maths (10), Science (10), Eng (10), Hindi (10), Writing Skill (5 Mark Each -Hindi & Eng) (2Q) | 50 |
| Class VII - IX | Maths (10), Science (10), English (10), Hindi (10), SST (10), Writing Skill (5 Mark Each- Hindi & Eng) (2Q) | 60 |
| Class XI (Med/Non-Med) | Physics (15), Chemistry (15), English (10) + 1 Writing Skill (5 Mark), Biology / Mathematics (15) | 60 |

UP TO 100% SCHOLARSHIP

Because talent should never be limited by fees.

We believe, every child deserves:

- Strong education in English
- Moral education and life skills
- Confidence to succeed in life

**CONVENIENT AC TRANSPORT ROUTES**

(GPS-Enabled AC Buses covering all major villages)

| Route & Driver Details | Stops & Pickup Timings |
|---|---|
| ROUTE-01 Jile Singh 8053639690 | Malviya Nagar (08:00), Court Colony (08:05), Huda (Samvedna Hospital) (08:10), Sekh Pura (08:15), Nasibpur/Jethubaba/Ramnagar (08:20), Kira Road Ki Dhani (08:30), Nangtihadi (08:40), Bargaon (08:50), Barkoda (08:55), Lehroda Bus Stop (09:10), Chudeli Chowki (09:20) 1 |
| ROUTE-02 Sonu 8816005535 | Bewal (08:00), Mundiakhera (08:10), Bhalkhi (08:20), Kothal Kalan (08:30), Dongda-Ahir (08:40), Khatiwas (08:50), Deroli Ahir (09:00), Deroli Jaat (09:10) 2 |
| ROUTE-03 Sandeep 9034153824 | Rewari Road (08:10), Police Line (08:20), Shani Mandir (08:30), Sain Chowk (08:40), Chhota Bara Talab (08:45), Sen. Secondary (08:45), Girls College (08:50), Daya Nagar (09:00), Keshav Nagar (09:10), Mahavir Chowk (09:20) 3 |
| ROUTE-04 Hemant 8950261243 | Sisoth (08:00), Rewasa (08:05), Railway Station (08:15), Majra Chungi (08:20), Masani Chowk (08:25), Eye Hospital Road (08:35), Paiga (08:40), Jaatwas (08:50), Chamdhera (09:00), Janjariyawas (09:05), Nangal Sirohi (09:10), Kuksi (09:20) 4 |
| ROUTE-05 Karmvir 9991003257 | Gadania (08:20), Pal (08:30), Kherki (08:35), Shyopura (08:40), Nangal Katha (08:50), Gulawala (09:00) 5 |
| ROUTE-06 Surender 9829376436 | Sohali (08:10), Duloth Ahir (08:15), Nimbi, Chhajiawas (08:20), Khairoli (08:25), Bairawas (08:35), Palh (08:45), Nihalawas (08:55), Kuksi (09:10) 6 |
| ROUTE-07 Sher Singh 9467318773 | Duloth Jaat (08:10), Silarpur (08:15), Gujarwas (08:20), Tigra (08:30), Sagarpur (08:40), Seehma (08:45), Khaspur (08:50), Mitarpura (08:55), Faizabad (Chudeli Chowki ) (09:00), Hudina (09:05), Rampura (09:10) 7 |
| ROUTE-08 Dinesh 8813870068 | Baproli (08:20), Baas Ki Dhani (08:30), Baas (08:40), Hazipur (08:50), Sihar (09:00), Mayee (09:10) 8 |
| ROUTE-09 Ravi 8307885196 | Bhushan Khurd (08:15), Bhushan Kalan (08:25), Shahpura (08:35), Nihalpura (08:40), Seka (08:45), Mandhana (08:50), Kadipuri (09:00), Neerpur (09:10) 9 |
| ROUTE-10 Kuldeep 8053473777 | Dublana (08:30), Nuni (08:40), Saloni (08:50), Seharpur (09:10) 10 |
| ROUTE-11 Karmvir 9991003257 | Goad (08:30), Balaha (08:35), Gehli (08:45), Raghunathpura Bus Stop (08:55) |

**Location:** 7th Mile Stone, M/Garh Road, Narnaul,, Haryana India, 123001

**Phone:** +91 8800002051, +91 8800002052

ONE SCAN FOR EVERYTHING

Register | Locate Us | WhatsApp



# बॉर्डर 2 का ट्रेलर देख खड़े हुए रोंगटे, सनी के कायल हो गए फैंस

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर फैंस के बीच रिलीज से पहले ही क्रेज देखा जा रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आए तो फैंस काफी खुश हुए। बॉर्डर 2 के ट्रेलर में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स ऑफिसर के रूप में नजर आए। सभी की एक्टिंग की झलक ट्रेलर में देखने को मिली। लेकिन, फैंस को सबसे ज्यादा सनी देओल ही भाए। एक यूजर्स ने लिखा, 'सनी देओल स्क्रीन पर ईमानदारी से अभिनय करते हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सनी देओल की स्क्रीन प्रेजेंस सॉलिड है।'इसी तरह के कमेंट्स कई फैंस ने सनी देओल को लेकर किए। खास ट्रेलर में सनी देओल के कहे गए डायलॉग सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आए हैं। वहीं, कुछ लोगों को दिलजीत दोसांझ भी एयरफोर्स ऑफिसर के रोल में खूब जंचे। फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और अहान शेट्टी का अभिनय भी दर्शकों को पसंद आया। कुल मिलाकर सभी एक्टर्स, अपने-अपने किरदारों में खूब जमे हैं। फिर 'बॉर्डर' के फैंस रहे लोग, 'बॉर्डर 2' को लेकर एक्साइटेड हैं।

## लाइफ Style



# भूमि
## वेब सीरीज में दिखेगा बेखौफ अंदाज

मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर 'दलदल' सीरीज का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। इस क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में भूमि पेडनेकर का दमदार लुक देखकर फैंस सरप्राइज हो गए हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'दलदल' के फर्स्ट लुक पोस्टर के बाद शुक्रवार को निर्माताओं ने इसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया है। इसके टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। वेब सीरीज 'दलदल' के टीजर में भूमि पेडनेकर डीसीपी रीता फरेरा के रूप में एक क्रूर हत्यारे का पीछा करते हुए एक जोखिम भरे खेल में नजर आती हैं। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज मुंबई क्राइम ब्रांच की नवनियुक्त डीसीपी रीता फरेरा की कहानी बताती है, जिनका किरदार भूमि सतीश पेडनेकर ने निभाया है।

रीता फरेरा को एक बेरहम हत्यारे से लड़ते हुए अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। 'दलदल' सीरीज में भूमि पेडनेकर के अलावा समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'दलदल' का प्रीमियर 30 जनवरी को भारत में और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों में प्राइम वीडियो पर होगा। बेस्टसेलर किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित 'दलदल' को सुरेश त्रिवेनी ने लिखा है और विक्रम मल्होत्रा और त्रिवेनी ने प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला




# जोई सल्डाना ने तोड़ा स्कारलेट जोहानसन का रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** 'अवतार' की नेत्री और एमसीयू की गमोरा ने नया इतिहास रचा है। जी हां, इन दोनों किरदारों को निभाने वाली जोई सल्डाना अब हॉलीवुड की सबसे अधिक कमाई करने वाली एक्टर बन गई हैं। उन्होंने स्कारलेट जोहानसन को पछाड़कर यह मुकाम पाया है। 47 साल की जोई को यह उपलब्धि उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर 'अवतारः फायर एंड ऐश' के कारण मिली है। जेम्स कैमरून की इस फिल्म ने एक्ट्रेस के पूरे कॅरियर के ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कमाई को $16.8 बिलियन यानी 151530 करोड़ रुपए के पार पहुंचा दिया है। साल 1999 में 'लॉ एंड ऑर्डर' टीवी सीरज से एक्टिंग कॅरियर शुरू करने वाली जोई को अब तक 1 ऑस्कर अवॉर्ड, एक बाफ्टा अवॉर्ड, एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड, एक सीएजी अवॉर्ड और एक कान फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड मिल चुके हैं। वह 'टाइम' मैगजीन की 2023 की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में जगह बना चुकी हैं।




# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए लाइव काउंटडाउन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** यदि आप मार्वल स्टूडियो और सुपरहीरोज के फैन हैं, तो आपको भी यूट्यूब पर स्क्रॉल करते हुए अचानक एक सरप्राइज मिला होगा! मार्वल स्टूडियो ने अपनी अगली रिलीज 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए एक लाइव काउंटडाउन शुरू किया है। अभी इस फिल्म की रिलीज में पूरे 11 महीने की दूरी है। ऐसे में मन में सवाल उठता है कि फिर इतना लंबा काउंटडाउन क्यों? यकीनन, यह एक्साइटमेंट बढ़ाने वाला है, खासकर तब जब हजारो फैंस हर दिन कुछ ना कुछ देर तक इस काउंटडाउन पर घड़ी की 'टिक-टिक' की रहस्य जगाती आवाज सुन रहे हैं। अब फैंस की थ्योरी ये है कि फिल्म का टाइटल, डूम्सडे, सिर्फ डॉक्टर डूम के बारे में नहीं है। यह मार्वल यूनिवर्स के अंत का काउंटडाउन है। असल दुनिया में, 'डूम्सडे क्लॉक' जलवायु परिवर्तन, परमाणु युद्ध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कारकों से प्रभावित होती है। इसी तरह 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का काउंटडाउन, एमसीयू और इसके मल्टीवर्स के अंत का सूचक हो सकता है। हमने 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में इनकर्शन के बारे में सुना है।



# वीर से ब्रेकअप की खबरों के बीच पहली बार नजर आईं तारा

**मुंबई।** तारा सुतारिया इन दिनों अपने ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की खबरों के बीच अब पहली बार तारा सुतारिया नजर आईं। वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक बार फिर चर्चाओं में हैं। अक्सर अपने रोमांटिक पल और अफेयर को लेकर चर्चाओं में रहने वाला ये कपल, इस बार अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चाओं में हैं। पिछले लगभग एक हफ्ते से तारा और वीर के ब्रेकअप की खबरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। इस बीच वीर अकेले नजर भी आए और उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट भी साझा की। अब ब्रेकअप की रूमर्स के बीच पहली बार तारा सुतारिया पैप्स के कैमरे में कैद हुई हैं। अपनी फर्स्ट पब्लिक अपीयरेंस में तारा अकेली ही नजर आईं, उनके साथ वीर पहाड़िया इस बार नहीं दिखे। जिसके बाद दोनों के ब्रेकअप की खबरों को और भी बल मिलता है।



# दृश्यम 3 की शूटिंग शुरू इशिता ने शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई।** अजय देवगन की ऑनस्क्रीन बेटी इशिता दत्ता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'दृश्यम 3' के बारे में जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। शुक्रवार से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इशिता दत्ता ने इंस्टाग्राम पर 'दृश्यम 3' के सेट से दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर 'दृश्यम 3' के क्लैपबोर्ड की है और दूसरी तस्वीर में इशिता अपनी वैनिटी वैन के सामने खड़ी नजर आ रही है। इन तस्वीरों के साथ इशिता ने कैप्शन में लिखा, 'क्या मुझे और कुछ कहने की जरूरत है। फिल्म 'दृश्यम 3' में पहले फिल्म के स्टार्स नजर आएंगे, जिनमें अजय देवगन, इशिता, तब्बू और श्रिया सरन मुख्य भूमिका में दिखेंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर सीरीज का तीसरा और आखिरी हिस्सा होगा, जिसके लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# व्हील ऑफ फॉर्च्यूनः अक्षय लेकर आए पैसे कमाने का नया तरीका

**नई दिल्ली।** नए रियलिटी टीवी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो आ गया है, जो चर्चा बटोर रहा है। यह शो 27 जनवरी से शुरू होगा और इसे अक्षय कुमार होस्ट करते नजर आएंगे। अक्षय कई साल बाद टीवी पर बतौर होस्ट वापसी कर रहे हैं। साथ ही वह इस शो के जरिए दर्शकों के लिए नए तरीके से पैसे कमाने का मौका लेकर आए हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के प्रीमियर से पहले मेकर्स ने प्रोमो शेयर किया है, जिसमें अक्षय कुमार शो के फॉर्मेट के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो शुरू होता है तो अक्षय कुमार तीन कंटेस्टेंट्स के साथ बात करते नजर आते हैं। वह उनसे कहते हैं, 'मैं आप तीनों के लिए एक नई कैटिगरी लेकर आया हूं- पति पत्नी। फिर बजर टाइम का ऐलान करते हैं और व्हील ऑफ फॉर्च्यून दिखाते हैं। इसके बारे में अक्षय कहते हैं- स्पिन करो और विन करो। खास बात यह है कि अगर व्हील स्पिन करने पर नाग आ गया तो कंटेस्टेंट ने जितना भी पैसा जीता है, वह वापस चला जाएगा यानी कंटेस्टेंट से छिन जाएगा। प्रोमो में दिखाया गया है कि पहले कंटेस्टेंट को अक्षय कुमार एक पहेली सुलझाने का टास्क देते हैं। कंटेस्टेंट जो अक्षर बताता है, उसके साथ ही वह व्हील को घुमाता है। व्हील पर अलग-अलग रकम लिखी है और जहां-जिस रकम पर व्हील घूमने के बाद रुकेगा, उतनी रकम कंटेस्टेंट जीत जाएगा।

### लोगों ने पूछी काला नमक चावल की रेसिपी

**नई दिल्ली।** अर्चना पूरन सिंह एक बार फिर अपने नए व्लॉग को लेकर आ चुकी हैं। और इस बार उनके पति ही उनका मजाक उड़ाते नजर आए, वो भी शराब पीने को लेकर। अर्चना ने कहा कि कपिल शर्मा ने उनका नाम



खराब किया है। फिर लोगों ने उनसे काला नमक चावल की रेसिपी पूछी। अर्चना पूरन सिंह अपने यूट्यूब चैनल पर 'आप का परिवार' नाम से एक नया व्लॉग लेकर वापस आ गई हैं। इस बार उनका पूरा परिवार घर पर साथ समय बिता रहा है और वे अपने रूटीन को कैमरे में कैद कर रहे हैं। व्लॉग के दौरान, अर्चना और उनके पति परमीत सेठी ने ब्रांड प्रमोशन और घर में कौन ज्यादा जगह घेरता है, जैसे मुद्दों पर मजेदार बातचीत की। डीडीएलजे एक्टर ने यह भी बताया कि एकता कपूर पर उनके खोए हुए अरमानी सूट के 2 लाख रुपए बकाया हैं। व्लॉग की शुरुआत में, सेठी परिवार ने एक साथ फुटबॉल मैच देखा, फिर वे अपने-अपने कामों में लग गए। अर्चना एक ब्रांड के साथ मीटिंग में शामिल हुईं, जिसका वे प्रचार करती हैं, और उन्होंने कहा, 'मीटिंग अच्छी रही।



# ओ रोमियो का पहला गाना रिलीज अरिजीत की आवाज ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** शाहिद कपूर की आगामी फिल्म ओ रोमियो का पहला गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। इसके साथ ही विशाल भारद्वाज और गुलजार की जोड़ी एक बार फिर लौटी है, वो भी अरिजीत सिंह की आवाज के साथ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर में इस गाने की एक लाइन सुनने के बाद से ही फैंस गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब शुक्रवार को मेकर्स ने ये गाना रिलीज कर दिया है। गाने में तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। ये जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आ रही है। लेकिन गाने में दोनों की केमिस्ट्री देखकर ऐसा लगता है कि ये जोड़ी दर्शकों को पसंद आ सकती है। गाने की शुरुआत में तृप्ति डिमरी का किरदार कहता है, 'कोई कैसे किसी से इतना प्यार कर सकता है?' गाने में प्यार, रोमांस, केयर और इमोशन सबकुछ देखने को मिलता है।

### तृप्ति-शाहिद की रोमांटिक केमिस्ट्री

*शाहिद का रफ लवर का लुक काफी जचता है। वहीं एक झलक अविनाश तिवारी की भी दिखती है। हमेशा की तरह इस बार भी विशाल भारद्वाज की फिल्म में संगीत उन्हीं का है और गाने को लिखा गुलजार ने ही है। इस गाने को आवाज दी है प्यार का पर्याय बन चुके अरिजीत सिंह ने। गाना स्लो-रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे आप सुनकर सुकून महसूस कर सकते हैं। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को वेलेंटाइन वीक में रिलीज होगी। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और फरीदा जलाल जैसे सितारे शामिल हैं। पिछले दिनों फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। अब दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।*

# ओटीटी पर इन फिल्मों और सीरीज ने दी दस्तक

**नई दिल्ली।** शुक्रवार 16 जनवरी को सिनेमाघरों में कई नई फिल्मों ने दस्तक दी है। मगर, इस कड़ाके की सर्दी में क्या आप घर बैठे ही कुछ शानदार देखना चाहते हैं? तो आपके वीकएंड को खास बनाने के लिए कई नई फिल्मों और सीरीज ने दस्तक दी है। सिनेमाघरों में इन दिनों बहार है। धुरंधर का खुमार अब तक उतरा नहीं है। वहीं, शुक्रवार को राहु केतु और हैप्पी पटेल जैसी फिल्मों ने भी दस्तक दी है। मगर, इस सर्द मौसम में अगर आप थिएटर जाने की बजाय घर बैठे ही कुछ रोमांचक देखना चाहते हैं तो ओटीटी के पिटारे में भी काफी कुछ खास है।

### मस्ती 4

लोकप्रिय फ्रेंजाईजी 'मस्ती' की चौथी कड़ी 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इसे 16 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा। इसमें रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी और विवेक ओबेरॉय जैसे सितारे हैं।

## यह वीकएंड होगा बेहद खास, मस्ती से 120 बहादुर तक



### 120 बहादुर

फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर बीते वर्ष नवंबर में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी और सितारों के अभिनय की काफी तारीफ हुई। अब सेना की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म आज शुक्रवार से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह फिल्म आप पूरे परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं।

### भा भा बा

फिल्म 'भा भा बा' का लुत्फ भी आप इस वीकएंड पर उठा सकते हैं। यह 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। बता दें कि फिल्म 18 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें दिलीप और मोहनलाल जैसे साउथ सितारे हैं।

### गुर्रम पापी रेड्डी और कलमकावल

साउथ फिल्म गुर्रम पापी रेड्डी भी लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। वहीं, ममूटी अभिनीत फिल्म कलमकावल भी 16 जनवरी से सोनी लिव पर स्ट्रीम हो गई है।

### तस्करी द स्मगलर वेब

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'तस्करी द स्मगलर वेब' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज 14 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। अगर आपने नहीं देखी है, तो इस वीकएंड इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें शरद केलकर, अमृता खानविलकर, नंदिश सिंह संधू, अनुराग सिन्हा और जोया अफरोज अहम भूमिकाओं में हैं।

## प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी थे खूब चर्चे

# ओपी को आशा से दिल लगाना पड़ा था भारी! लता से 36 का आंकड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओपी नैय्यर फिल्म इंडस्ट्री के वो चमकते सितारे थे जिनके जाने के बाद भी उनके काम की चर्चा आज तक होती है। केवल प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनके खूब चर्चे थे। आशा भोसले के साथ 14 साल के रिश्ते ने उनकी जिंदगी बदलकर रख दी। परिवार से तो दूर हुए ही। प्यार भी नसीब नहीं हुआ।

### सड़क पर फेंक दिया अवॉर्ड

सिराज खां ने इस बारे में कहा था, 'नैय्यर साहब अपनी कार से वापस लौट रहे थे। उनकी कार में गीतकार एसएच बिहारी बैठे हुए थे। सड़क पर उस समय सन्नाटा था। अचानक नैय्यर साहब ने कार का शीशा नीचा किया और वो ट्राफी फेंक दी जो एक खंभे से टकराई। आखिरी आवाज जो उन्होंने सुनी, जैसे कोई चीज चूरचूर हो जाती है। उन्होंने बगल में बैठे हुए बिहारी साहब से कहा कि ये जो आपने ट्रॉफी टूटने की आवाज सुनी, इसके साथ ही आशा इज आउट ऑफ माई लाइफ... फॉएवर।'

### शमशाद और गीता दत्त से कर लिया था किनारा

ओ पी नैय्यर को नजदीक से जानने वाले सिराज खां ने बातचीत में बताया था, 'मेरा ख्याल है इस तरह का रिश्ता बॉलीवुड क्या हॉलीवुड में भी नहीं हुआ है। उनकी प्रोफेशनल रिलेशनशिप रोमांस में बदल गई और 1958 से लेकर 1972 तक यानी 14 सालों तक उनका साथ रहा। ये बहुत गहरा साथ था। आप सोचिये एक शादीशुदा शख्स जिसके चार बच्चे हैं और एक तलाकशुदा महिला खुलेआम बंबई में घूमा करते थे।' नैय्यर साहब ने खुद भी इंटरव्यू में कहा था, 'ये तो सुना था कि लंव इज ब्लाइंड, लेकिन मेरे मामले में लव ब्लाइंड के अलावा डीफ यानी बहरा भी था क्योंकि आशा की आवाज के अलावा मैं और कोई आवाज सुन नहीं पाता था।' यही कारण था कि उन्होंने शमशाद बेगम और गीता दत्त से खुद को किनारे कर लिया था।



### 1952 में आसमान से कॅरियर किया शुरू

साल 1926 में लाहौर में जन्मे ओपी नैय्यर ने 1952 में 'आसमान' फिल्म से अपना कॅरियर शुरू किया, लेकिन उन्हें असली पहचान गुरु दत्त की फिल्मों से मिली। 'रिदम किंग' और 'ताल का बादशाह' कहे जाने वाले नैय्यर ने 'आर पार', 'मिस्टर एंड मिसेज 55', 'सीआई डी' और 'तुम सा नहीं देखा' जैसी फिल्मों के लिए काम किया और उनके काम ने उन्हें हर तरफ जगमगा दिया। जितनी उनके प्रोफेशनल लाइफ की चर्चा होती थी, उतनी ही पर्सनल लाइफ की भी। आशा भोसले के साथ उनके रिश्ते ने उनकी जिंदगी को झकझोरकर रख दिया। उसके बाद न तो वो अपने परिवार के रहे और न ही आशा भोसले के हो पाए। आशा भोसले को सुपरहिट बनाने का श्रेय अगर किसी को दिया जा सकता है तो वो थे ओपी नैय्यर। उन्होंने आशा की आवाज और रेंज का फायदा उठाते हुए उन्हें मौके दिलवाए। उन्हीं की वजह से आशा भोसले को उनकी पहचान मिली जो आज भी हर किसी के दिल में बनी हुई हैं।

### 14 साल तक चला रिश्ता

मशहूर संगीत इतिहासकार राजू भारतन अपनी किताब 'अ जर्नी डाउन मेमोरी लेन' में लिखते हैं, 'ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के प्रति प्यार इस हद तक था कि एक बार उन्होंने बिना कोई शब्द कहे गीता दत्त का फोन रख दिया था। गीता दत्त ने सिर्फ ये पूछने के लिए फोन किया था कि मैंने ऐसी क्या खता की कि अब आप मुझे गाने के लिए नहीं बुलाते? 'ये वही गीता दत्त थीं, जिन्होंने ओ पी नैय्यर की पहले पहल गुरु दत्त से सिफारिश की थी। ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के साथ रिश्ता 14 सालों तक चला। एक जमाने में ओ पी नैय्यर की कैडलक कार में घूमने वाली आशा भोंसले ने 1972 में इस रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया।'

### हमेशा के लिए बना ली दूरी

इसके बाद आशा भोसले और ओपी नैय्यर ने एक साथ कभी कहीं कदम नहीं रखा। लेकिन, इससे पहले उन्होंने 'प्राण जाए पर वचन न जाए' फिल्म के लिए एक गाना रिकॉर्ड किया, जिसे 1973 का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। आशा उस इवेंट में नहीं गई थीं। ओपी नैय्यर ने उनकी तरफ से अवॉर्ड लिया और घर वापस लौटते समय उन्होंने वो ट्रॉफी चलती कार से सड़क पर फेंक दी।

# कांग्रेस की ओर से फैलाए भ्रम का तिलिस्म तोड़ेंगे: डॉ. यतेंद्र

## विकसित भारत जी राम जी के तहत भाजपा की जिलास्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

■ अभियान के सफल संचालन के लिए जिला टोली का गठन किया

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण को प्रभावी रूप से जमीन पर उतारने के उद्देश्य से भाजपा जिला कार्यालय में जिला पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भाजपा डॉ. यतेंद्र राव ने की। डॉ. यतेंद्र राव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान ग्रामीण भारत में रोजगार, आजीविका व आत्मनिर्भरता को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा कर कार्य योजना बनाई गई। जिसके अंतर्गत पहले जिला कार्यशाला व मंडल कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात जिला संगोष्ठी, मंडल संगोष्ठी व गांवों में चौपाल सभाओं के माध्यम से आम जनता तक अभियान की जानकारी पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के सशक्त नेतृत्व में यह अभियान हर गांव, हर व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि जनता के बीच जाकर कांग्रेस की ओर से फैलाए जा रहे झूठ व भ्रांतियों का तथ्यात्मक जवाब देंगे और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से लोगों को अवगत कराएंगे।

कांग्रेस शासनकाल में मनरेगा के नाम पर हुए घोटालों से आज हर कोई वाकिफ है। अभियान के सफल संचालन हेतु जिला टोली का गठन किया गया है। जिसमें नरेंद्र झिमरिया को जिला संयोजक व देवीलाल लुजोता, वीरेंद्र दीक्षित, देशराज फौजी को सह संयोजक नियुक्त किया गया। नवगठित टोली को अभियान की रूपरेखा को गांव गांव तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में बताया गया कि नए कानून के तहत अब 100 दिन की जगह 125 दिन की रोजगार गारंटी का प्रावधान किया गया है, साथ ही फसल कटाई के समय दो महीने की छूट भी दी गई है। हरियाणा सरकार देश में सबसे अधिक 400 प्रतिदिन की दर से मजदूरी दे रही है। जिससे ग्रामीण परिवारों की आय में सीधा लाभ पहुंचेगा। पारदर्शी व्यवस्था के चलते भ्रष्टाचार पर भी सख़्त लगाम लगेगी। अंत में डॉ. यतेंद्र राव ने सभी पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर अभियान को जन जन तक पहुंचाए और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।


नारनौल। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते यतेंद्र राव। फोटो: हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री किशनलाल सैनी व योगेश शास्त्री, जिला उपाध्यक्ष महिपाल यादव, वासुदेव यादव, पूर्णचंद गुज्जर, जोगेंद्र राजपूत, जिला मंत्री मनीष संघी, संदीप यादव, सपना गुप्ता, जिला प्रवक्ता सरला यादव, मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रमुख भवानी शंकर, जिला कोषाध्यक्ष पवन देव, कार्यालय मंत्री संजय अमन, अटेली विधानसभा मंडल अध्यक्ष मुकेश, हरपाल, वीरेंद्रए मंजीत, विधानसभा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, हेमंत चौबे, मनोज यादव, महेंद्रगढ़ विधानसभा मंडल अध्यक्ष दीपिका, संदीप यादव, रवि सरपंच, नांगल चौधरी से प्रमोद जांगिड़ उपस्थित रहे।

### खबर संक्षेप


नारनौल। बालों की देखभाल के बारे में जानकारी देते विशेषज्ञ। फोटो: हरिभूमि

### हेयर केयर व हेयर ट्रीटमेंट पर कार्यशाला आयोजित

**नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ की ओर से डॉ. पारुल गुप्ता के मार्गदर्शन में हेयर केयर एवं हेयर ट्रीटमेंट पर कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यक्रम डैजल सैलून संचालक यमन गुप्ता द्वारा संचालित किया गया। विशेषज्ञों ने छात्राओं को बालों की सही देखभाल, स्वच्छता और उपचार से संबंधित उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बालों की मजबूती के लिए केवल बाहरी उत्पाद ही नहीं, बल्कि संतुलित आहार और प्रोटीन की भूमिका सबसे अहम है। बढ़ते प्रदूषण से बालों को बचाने के लिए प्री वॉश रूटीन और प्राकृतिक तेलों के सही इस्तेमाल के बारे जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. ममता शर्मा, डॉ. सुमन यादव, डॉ. समता यादव, डॉ. मुनेश यादव, सोनम, डॉ. ममता सिद्धार्थ, डॉ. पूजा बत्रा, डॉ. गीता यादव, डॉ. मनमीत कौर व पूनम बाई मौजूद थी।

### अयोध्या राम मंदिर के उपलक्ष्य में भंडारा 20 को

**महेंद्रगढ़।** अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण के उपलक्ष्य में राम भक्तों की ओर से महेंद्रगढ़ शहर के सिनेमा रोड पर भंडारे का आयोजन 20 जनवरी को किया जाएगा। यह भंडारा सिनेमा रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के नजदीक आयोजित होगा। जानकारी देते हुए बिशन दयाल नावां, सतीश निंभेड़िया एवं अशोक खेड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बार तीसरे विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। प्रभु श्रीराम की कृपा से यह धार्मिक आयोजन हर वर्ष श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न कराया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।


नारनौल। खिलाड़ियों से बातचीत करते अतरलाल। फोटो: हरिभूमि

## अंतरराष्ट्रीय स्तर का उत्कृष्ट केन्द्र स्थापित करने की मांग

■ कुश्ती, कबड्डी तथा मुक्केबाजी के पहलवान खिलाड़ियों का गढ़ है जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बहुजन समाज पार्टी के नेता अतरलाल एडवोकेट ने हरियाणा सरकार से जिला के छिथरोली गांव के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में कुश्ती, कबड्डी व मुक्केबाजी का अंतर्राष्ट्रीय स्तर का उत्कृष्ट केन्द्र स्थापित करने की मांग की है।

अतरलाल ने खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए उक्त मांग उठाई। उन्होंने कहा कि जिला कुश्ती, कबड्डी तथा मुक्केबाजी के पहलवान खिलाड़ियों का गढ़ है। छिथरोली गांव के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में हर साल पंचायत तथा ग्रामवासियों की तरफ से कुश्ती, कबड्डी खेलों का महाकुंभ आयोजित किया जाता है। जिसमें प्रदेशभर से नामी पहलवान खिलाड़ी भाग लेते हैं।

इसलिए इस स्टेडियम में कुश्ती, कबड्डी तथा मुक्केबाजी का एक्सीलेंस सेंटर स्थापित कर यहां आधुनिक ढांचागत सुविधाएं बढ़ाने, विश्व स्तरीय खेल उपकरण, उच्च गुणवतापूर्ण प्रशिक्षण व्यवस्था, अनुभवी तथा योग्य अनुशिक्षण स्टाफ उपलब्ध करवाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस खेल स्टेडियम में उक्त खेलों का उत्कृष्ट केन्द्र स्थापित करने से इलाके के खिलाड़ी पहलवान तथा मुक्केबाजों को अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध होंगी।


महेंद्रगढ़। नियुक्ति पत्र देते विधायक कंवर सिंह यादव। फोटो: हरिभूमि

### एडवोकेट रोशनलाल बने भाजपा मंडल उपाध्यक्ष

**महेंद्रगढ़।** गांव भालखी निवासी एडवोकेट रोशनलाल को भारतीय जनता पार्टी महेंद्रगढ़ मण्डल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने नियुक्ति पर महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव तथा भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य करेंगे। पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनकी नियुक्ति का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके अनुभव से मण्डल स्तर पर संगठन को नई मजबूती मिलेगी। जानकारी अनुसार वे लंबे समय से पार्टी संगठन से जुड़े हुए हैं, इसी कारण पार्टी नेतृत्व ने उन पर विश्वास जताया है। संगठनात्मक कार्यों में उनके अनुभव को देखते हुए यह नियुक्ति की गई है।

### नांगल चौधरी में इनेलो कार्यकर्ता सम्मेलन कल

**नारनौल।** इंडियन नेशनल लोकदल का कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को नांगल चौधरी में होगा। जिसमें इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा को इनेलो पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाएंगे। यह जानकारी देते हुए पार्टी जिला प्रवक्ता नवनीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि कार्यक्रम 18 जनवरी को बीपीएस बीएड कॉलेज बहरोड़ रोड नंगल चौधरी में 12 बजे होगा। राधेश्याम शर्मा के इनेलो पार्टी ज्वाइन कार्यक्रम के फैसले से उनके समर्थकों व इनेलो कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा को इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी में शामिल होने पर नांगल चौधरी हलके में ही नहीं, बल्कि जिले में पार्टी को मजबूती मिली है।



## ग्रामीणों से स्वच्छता अपनाने का किया आह्वान

■ उन्नत भारत अभियान के तहत जागरूकता कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए गांव रामपुरा एवं पटीकरा में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं संतुलित जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। गांव रामपुरा में आयोजित कार्यक्रम में पिंकी यादव, काउंसलर बीएमडी फाउंडेशन, कनीना (महेंद्रगढ़) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही।

उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण, महिला स्वास्थ्य एवं बीमारियों से बचाव के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर गांव की सरपंच पूनम दायमा भी उपस्थित रही। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता अपनाने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। वहीं गांव पटीकरा में आयोजित जागरूकता कैंप में रितु खेरेरा, काउंसलर वार्ड नंबर 9 मुख्य वक्ता रही। उन्होंने ग्रामीणों को साफ-सफाई, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों तथा स्वच्छ वातावरण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के लिए संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल यादव ने कहा कि उन्नत भारत अभियान के माध्यम से गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बढ़ावा देना बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक का प्रमुख उद्देश्य है। इस अवसर पर संस्थान के स्टाफ सदस्य अंजनी कुमार, अंबर सिंह, ज्योति मंगला, अंकित सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। दोनों गांवों में आयोजित कैंप में महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित जानकारी प्राप्त की।


नारनौल। कैंप में भाग लेते हुए। फोटो: हरिभूमि


नारनौल। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### पटीकरा में वॉलीबाल प्रतियोगिता सम्पन्न

**नारनौल।** गांव पटीकरा में बाबा निहालचंद ग्राउंड में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि योगेश कुमार त्यागी थे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को अनुशासन, एकता और स्वस्थ जीवन का माध्यम बताया। संस्था के प्रवक्ता संदीप राव ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बाबा निहालचंद टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि बाबा भोमिया टीम उपविजेता रही।

## पूर्व मंत्री राव बंशीसिंह की 30वीं पुण्यतिथि 21 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल/मंडी अटेली

■ दक्षिणी हरियाणा जैसे पिछड़े क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी


पूर्व मंत्री राव बंशीसिंह

हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के पिता एवं पूर्व पंचायत एवं विकास मंत्री स्वर्गीय राव बंशीसिंह की 30वीं पुण्यतिथि 21 जनवरी को ग्राम मंढाना में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई जाएगी। इस मौके पर प्रातः 10 बजे हवन एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के हजारों गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेसजन पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। कांग्रेस नेता महेंद्र राता एवं दिलीप सिंह चेयरमैन ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि स्व. राव बंशीसिंह ने दक्षिणी हरियाणा जैसे पिछड़े क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी। बिजली, पानी, शिक्षा और पंचायत स्तर पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्होंने राजनीति के मायने बदल दिए थे। वे एक कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ धार्मिक, आध्यात्मिक और मानवीय मूल्यों से ओतप्रोत व्यक्तित्व के धनी थे। दिलीप सिंह चेयरमैन ने कहा कि स्व. राव बंशीसिंह का जीवन आज भी आमजन के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## एसपी ने की पुलिस-पब्लिक कॉर्डिनेशन कमेटी के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

■ विभिन्न अभियानों की प्रगति की समीक्षा की

जिले में कानून व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाने व पुलिस एवं जनता के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने अपने कार्यालय में पुलिस-पब्लिक कॉर्डिनेशन कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। जिसमें जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत में एसपी वशिष्ठ ने पिछली बैठक में उठाए गए मुद्दों पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का बिंदुवार फीडबैक लिया और यह सुनिश्चित किया कि शिकायतों का संतोषजनक समाधान हुआ है या नहीं। इसके उपरांत कमेटी के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं व सुझावों को रखा, जिन्हें पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित थाना प्रभारियों को त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए।

### महिला खेलकूद प्रतियोगिता 20 को

**नारनौल।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शहरी की ओर से 20 जनवरी को सुबह नौ बजे सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में खंड स्तरीय महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शहरी राधा ने बताया कि 18 से 30 वर्ष की महिलाओं के लिए 300 मीटर व 400 मीटर दौड़ तथा पांच किलोमीटर साइकिल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दौड़ में भाग लेने के लिए प्रतिभागी साइकिल अपने साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर, डिस्कस थ्रो व 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 2100 रुपये, द्वितीय को 1100 व तृतीय को 750 रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी अपना आधार कार्ड साथ लेकर आएं।

## फाइनल में मोहनपुर को 23 रनों से हराकर बाछौद विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

■ खोड़ में एक सप्ताह से चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

अटेली क्षेत्र के गांव खोड़ में क्रिकेट प्रतियोगिता पिछले एक सप्ताह से चल रही थी। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्र की लगभग 25 टीमों ने भाग लिया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में बाछौद व मोहनपुर ने प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में बाछौद ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए बाछौद ने 12 ओवरों में आठ विकेट खोकर 120 रन बनाए। वहीं बाद में बैटिंग करने उतरी मोहनपुर की टीम ओपनिंग जोड़ी शानदार रही। परन्तु बाद में खेली टीम 12 ओवरों में ही सात विकेट खोकर 96 रन बना सकी, जिसमें बाछौद 23 रनों से विजेता हो गई। वहीं मैन ऑफ द मैच राहुल बाछौद ने जीता। इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन दिनेश जेलदार ने विजेता टीम बाछौद को 21 हजार एवं उपविजेता टीम मोहनपुर को 11 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया।


मंडी अटेली। विजेता टीम को पुरस्कृत करते चेयरमैन दिनेश जैलदार।

### महंत बादल नाथ की बरसी श्रद्धा पूर्वक मनाई

**नांगल चौधरी।** अगड़बंब जोहड़ पर स्थित हनुमान मंदिर में महंत बादलनाथ की पांचवीं बरसी भक्ति व श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। श्रद्धालुओं ने हवन का आयोजन करके दिवंगत महंत को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद समाज में पनप रही कुरीतियों को मिटाने तथा नशाखोरी पर अंकुश लगाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर के महंत रामनाथ ने की। वार्ड नंबर नौ स्थित संत अगड़बम महाराज आश्रम में शुक्रवार को क्षेत्र के श्रद्धेय संत बादल नाथ की बरसी पर नारनौल निवासी सेठ प्रेमचंद गर्ग ने प्रसाद वितरण किया। उन्होंने कहा कि साधु संतों की जीवनी तथा विचारधारा पर ही समाज की दिशा निर्भर होती है, जोकि बिना निजी स्वार्थ के समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों को मिटाने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। भारतीय संस्कृति का प्रसार और प्रचार करके युवाओं की दैनिक दिनचर्या में सनातन भावना का समावेश करते हैं। जिससे राष्ट्रर एकता व परोपकार का संदेश मिलता है। इसके बाद भजनोपदेश कार्यक्रम हुआ तथा मंदिर की परिक्रमा करके पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर राजेश सैनी, कन्हैया लाल सैनी, बलबीर सैनी, हजारी नंबरदार, योगेश, कृष्ण भार्गव, हेमंत, महावीर, सुरेश, पप्पू सैनी, दयानंद स्वामी ने दिवंगत महंत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

**PUBLIC NOTICE**

I, Yadav Saurabh S/o Hanuman R/o Village-Deroli Ahir, Tehsil-Narnaul, Distt.Mahendergarh (Haryana) have changed my name from Yadav Saurabh Hanuman to Yadav Saurabh.

**सार्वजनिक सूचना**

मै बिजेंद्र कुमार पुत्र हरीसिंह वासी गांव गहली तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी लडकी वन्दना अपनी मनमानी करती है और मेरा व मेरी पत्नी का कोई कहना नहीं मानती है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै जयसिंह पुत्र रामधन मोहल्ला पीरआगा नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे पिता के नाम एक रिहायसी जमीन मोहल्ला पीरआगा नारनौल में है। उनके देहान्त के बाद उनके निम्न कानूनी वारिस है। 1 बसंती पत्नी 2 अमर सिंह पुत्र 3 बिमला पुत्री 4 जयसिंह पुत्र है वहीं अमर सिंह का देहान्त 02.05.2025 को हो गया है। उनके निम्न कानूनी वारिस है। 1 सरती देवी पत्नी 2 गोविन्द पुत्र 3 हितेंद्र पुत्र 4 राजसिंह 5 ईश्वर 6 पूनम पुत्री है। इनके अलावा और कोई कानूनी वारिस नहीं है। इस बाबत किसी को कोई एतराज हो तो वह 30 दिन के अन्दर अपना एतराज नगर परिषद नारनौल में दर्ज करवाएं। उक्त शपथ पत्र पूर्णतया सत्य है इसकी सारी जिम्मेदारी मेरी होगा।


सतनाली मंडी। कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में विचार रखती छात्रा।

### भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**सतनाली मंडी।** सरस्वती महोत्सव के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय सतनाली में सरस्वती नदी की थीम पर भाषण प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. रेखा शेखावत व पूजा के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा, शिक्षा और संस्कृति से जुड़ते हुए अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जनरल सिंह ने की। डॉ. हरिओम ने सरस्वती नदी की प्राचीनता, वैदिक सभ्यता में उसकी भूमिका तथा वर्तमान समय में उसके संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। भाषण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रा रवीना विजेता रही।

**जानकारी** पेयजल सैंपल एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला में करवाएंगी जमा

# स्वयं सहायता समूह की महिलाएं घर-घर जाकर भरेंगी पानी के सैंपल, करेंगी क्लोरीन की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से शहरी क्षेत्र में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत पेयजल की शुद्धता की जांच, पानी के सैंपल भरने, क्लोरीन की जांच तथा शहर में लीकेज और गंदे पानी से जुड़े कनेक्शनों की पहचान के लिए शहरी स्वयं सहायता समूहों को इस कार्य में लगाया गया है। यह जानकारी देते हुए कार्यकारी अभियंता जितेंद्र हुड्डा ने बताया कि शहर में जय भोला भंडारी स्वयं सहायता समूह व महेंद्रगढ़ शहर में श्रीराम स्वयं सहायता समूह को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। फिलहाल जिले के दो शहरों में यह कार्य प्रारंभ किया गया है। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रतिदिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 10 पेयजल सैंपल एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला में जमा करवाएंगी। इसके अतिरिक्त चालू जल आपूर्ति के दौरान प्रतिदिन दो सैंपलों की क्लोरीन जांच मौके पर ही की जाएगी। जीवाणु परीक्षण के लिए महिलाएं घर-घर जाकर पानी के सैंपल भरेंगी। इसके साथ ही शहर में कहीं भी पाइप लाइन टूटी होने, लीकेज होने अथवा गंदे पानी से स्टे हुए पेयजल कनेक्शनों की पहचान कर उसकी रिपोर्ट विभाग को दी जाएगी। जिन उपभोक्ताओं के पेयजल कनेक्शन गंदी नालियों से होकर गुजर रहे हैं या जमीन में पड़े हुए हैं, उन्हें कनेक्शन ठीक करवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि दूषित पानी पीने से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। कनेक्शन ठीक न करवाने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध आवश्यक विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। इस कार्य के लिए जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की टीम की ओर से स्वयं सहायता समूहों को आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है।


नारनौल। समूह महिलाओं को जानकारी देते हुए। फोटो: हरिभूमि

### डेटा अपडेट व सैंपल कलेक्शन का प्रशिक्षण

जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि नारनौल व महेंद्रगढ़ शहर की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को ऑनलाइन डेटा एकत्रित करने का प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा प्रयोगशाला सहायक विकास की ओर से जीवाणु परीक्षण हेतु सैंपल एकत्रित करने और क्लोरीन जांच की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर एनयूएलएम से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अन्नू भारद्वाज, बीआरसी अनिता सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

## कुछ बड़े नेताओं का भाषण अपने आपको अहीरवाल क्षेत्र के भाग्यविधाता के रूप में पेश करने का प्रयास: पूर्व मंत्री

# प्रजातंत्र में भाग्यविधाताओं की नहीं जनसेवकों की आवश्यकता: डॉ. अभय सिंह

- यदुवंशी स्कूल के वार्षिक आयोजन से हटकर पूरे अहीरवाल की राजनीति का प्रसाद मंच से बंटता हुआ दिखाई दे रहा था : अभय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पूर्व मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव ने गत दिनों हरियाणा के पड़ोस में राजस्थान के गांव सोहली में यदुवंशी शिक्षा निकेतन के एक समारोह में कुछ नेताओं की ओर से उन पर किए गए कटाक्ष व मौखिक प्रहारों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कई बार अहंकारवश व्यक्ति अपने स्वयं के अस्तित्व को भूलकर भगवान की भूमिका में प्रवेश करते हुए भाग्यविधाता बनने की सीमा तक चला जाता है। प्रकृति जब किसी को सफलता देती है, तो सफलता के साथ कई बार आदमी सत्ता के नशे में सभी सीमाएं पार करने की कोशिश करता है। इस आयोजन में कुछ बड़े नेताओं की ओर से दिए गए भाषणों को सुनकर ऐसा लगता है कि कुछ तो अपने आपको इस समस्त अहीरवाल क्षेत्र के भाग्यविधाता के रूप में पेश करने का प्रयास कर रहे थे और कुछ एक दिन में ही अपने सारे अंक जमा करने के प्रयास में वफादारी का सार्वजनिक रूप से प्रमाण देने का प्रयास कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जहां एक और वह 2029 के चुनाव की टिकटें बांट रहे थे। वहीं युवाओं को आगे बढ़ाने की टाफी भी दे रहे थे, साथ पिछलग्गुओं के प्रति अपनी नापसंदगी भी बता रहे थे। वह भूल रहे थे कि पिछलग्गू ही उनके लंबे राजनीतिक जीवन का आधार रहे हैं। जिन व्यक्तियों ने अपने सारे राजनैतिक जीवन में पाला ही पिछलग्गुओं को हो तो ऐसे व्यक्तियों के मुंह से यह सब शोभा नहीं देता। इस आयोजन में विशेष बात यह थी कि यह आयोजन यदुवंशी स्कूल के वार्षिक आयोजन से हटकर पूरे अहीरवाल की राजनीति का प्रसाद मंच से बंटता हुआ दिखाई दे रहा था और नांगल चौधरी विधानसभा बार बार केंद्र में आ रही थी।

### अपने ऊपर किए कटाक्ष पर बोले पूर्व मंत्री



पूर्व मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव ने कहा कि स्टेज से जोशीले भाषण देने वाले वक्ता इस बात का भी ध्यान नहीं रख रहे थे कि एक ही बात को एक ही व्यक्ति पर केंद्रित करके जब बार बार बोला जाता है, तो उनका यह प्रयास परोक्ष रूप से उस व्यक्ति के सापेक्षिक महत्त्व को भी इंगित करता है। वह यह भी भूल रहे थे कि जिस व्यक्ति को निशाना बना रहे थे, उनके पास इस क्षेत्र के उन किसानों की शक्ति की ढाल है, जिनकी उजड़ी खेती में हरियाली आ गई है। उसके साथ वह किसान ढाल बनकर खड़े हैं, जिनकी समृद्धि दिनों दिन बढ़ रही है। वह व्यापारी उस व्यक्ति के प्रशंसक हैं, जिनकी दुकानों पर ग्राहकों की चहल पहल बढ़ी है।

### दूसरों की उपलब्धियों पर दावे करना कद के अनुरूप नहीं

- क्षेत्र के लोगों को काम प्यारा है नाम नहीं, परिणाम प्यारा है, नारे नहीं और विकास प्यारा है, विरासत नहीं

डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा कि गांवों में लगातार बन रही बड़ी बड़ी कोठियां, बेरोजगार युवकों की ओर से अपने खेतों में काम करने की बढ़ती प्रवृति तथा क्षेत्र की मंडियों में सरसों व बाजरे की बिक्री के लिए हर साल लगने वाली ट्रैक्टर ट्रॉलियों की लंबी लंबी लाइनें उसके पीछे चट्टान की तरह खड़ी हैं। कुछ व्यक्तियों को अगर यह मुगालता है कि जिस तरीके से अनेक स्तर के षडयंत्रों के माध्यम से उसको चुनाव में पीछे धकेल दिया, उसी तरह वह उसकी राजनीति को खत्म कर देंगे, तो यह कोरा भ्रम है। यादव ने कहा कि समय रहते उनको इस बात का एहसास हो जाना चाहिए कि क्षेत्र के लोगों को काम प्यारा है नाम नहीं, परिणाम प्यारा है, नारे नहीं और विकास प्यारा है, विरासत नहीं। हर सरकार पर बिना व्यक्तिगत प्रयास के दक्षिणी हरियाणा के विकास की अवहेलना करने का आरोप अब बहुत पुराना हो चुका है। वह अब काम करने वाला नहीं है। यदि राजनीति में जिंदा रहना है, तो धरती पर आकर परिणाम तो देना ही पड़ेगा। दूसरों की उपलब्धियों पर दावे करना कद्दावर नेताओं के कद के अनुरूप नहीं है।



### अधिकारी ने रैन बसेरों का किया निरीक्षण

**नारनौल।** हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेश में बढ़ती ठंड के मद्देनजर जारी निर्देशों की अनुपालना में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने जिले में संचालित सभी रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति खुले में रात न बिताए। जिले में नगर परिषद व नगर पालिकाओं की ओर से कुल छह रैन बसेरे चलाए जा रहे हैं, जिनमें जिला मुख्यालय नारनौल में दो रैन बसेरे बस स्टैंड के नजदीक व नागरिक अस्पताल के पास तथा महेंद्रगढ़, अटेली, कनीना और नांगल चौधरी में एक एक रैन बसेरा स्थापित है। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार इन सभी रैन बसेरों में किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए रात्रि ठहराव की व्यवस्था पूरी तरह निःशुल्क रखी गई है। निरीक्षण के दौरान लोगों के ठहरने के प्रबंध संतोषजनक पाए गए। उन्होंने रैन बसेरा संचालकों को निर्देश दिए कि सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक आगंतुक को कंबल, बिस्तर और साफ वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि समय समय पर इन रैन बसेरों का निरीक्षण जारी रहेगा ताकि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोताही न हो व सरकारी निर्देशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## धुंध व कोहरे में सुरक्षित यात्रा के लिए एनएचएआई, टोल एजेंसी व जिला प्रशासन प्रयासरत

# हादसों से बचने के लिए चालक सड़क की बजाय रेस्ट एरिया में रोकें वाहन

एनएच 152 डी पर भारी वाहनों के लिए 80 व हलके वाहनों के लिए 100 किलोमीटर प्रति घंटे की गति निर्धारित

दलीप सिंह ▶▶| कनीना



कनीना। नेशनल हाईवे 152 डी से गुजरते वाहनों की गतिविधियों को कैद करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

धुंध एवं कोहरे के चलते सड़क हादसों में कमी लाने के लिए एनएचएआई, टोल एजेंसी व जिला प्रशासन के अधिकारी लगातार प्रयासरत हैं। नेशनल हाईवे 152 डी सहित महेंद्रगढ़ जिले से गुजर रहे विभिन्न स्टेट हाईवे पर रोड सेफ्टी को लेकर कदम उठाए जा रहे हैं। इस बारे में एनएच 152 डी पर बने टोल प्लाजा पर कार्यरत गावड कंस्ट्रक्शन एवं मेंटेनेंस प्रभारी नीरज कौशिक, एजीएम कुणाल प्रताप, टोल कलेक्शन सुपरवाइजर दिलखुश, ट्रैफिक मैनेजर गौरव पुंडीर, ऑपरेटर रविदत्त, स्टाफ सुपरवाइजर योगेश कुमार ने बताया कि ठंड व धुंध के मौसम कई बार वाहन चालक सड़क किनारे ही वाहन रोककर लघुशंका के लिए चले जाते हैं। हाईवे पर कई जगह बने अवैध अहातों, होटल व टी स्टाल को बंद कराने के लिए उपायुक्त व हाइवे अथॉरिटी को अवगत कराया गया है।

उन्होंने बताया कि इन स्टालों के सामने रोड पर अवैध रूप से चालक भारी वाहन रोक देते हैं, जिससे सड़क हादसा होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने बताया कि हादसों पर अंकुश लगाने के लिए वाहन चालक प्रत्येक 30 किलोमीटर के अंतराल पर बनाए गए रेस्ट एरिया में वाहन पार्क कर यात्रा सुखद व सुरक्षित रख सकते हैं। एनएचएआई की ओर से नारनौल से गंगहेड़ी तक 227 किलोमीटर के दायरे में कुल 16 टोल प्लाजा स्थापित किए गए हैं। जहां से प्रतिदिन हजारों छोटे बड़े वाहन गुजरते हैं। जाट गुवाना से बुचावास टोल प्लाजा तक हाईमास्क सहित करीब सैकड़ों लाइटें लगाई गई हैं। जिससे रात्रि के समय मार्ग जगमग रहता है। बिजली की सुचारू सप्लाई के लिए सोलर सिस्टम लगाया गया है।

### ओवरस्पीड के रोजाना 30 से 35 चालान

नीरज कौशिक ने बताया कि एनएच के इन 16 टोलगेट के माध्यम से एक अनुमान के आधार पर करीब 75 लाख रुपये का प्रतिदिन फीस कलेक्शन होता है, जो सीधा एनएचएआई के खाते में जाता है। वहां से 48 घंटे की अवधि में टोल एजेंसी को ट्रांसफर होता है। सीसीटीवी कैमरे से पूरे मार्ग को कंट्रोल किया जा रहा है। स्पीड गवर्नर की मदद से प्रतिदिन 30 से 35 वाहनों के ओवरस्पीड ऑनलाइन चालान जनरेट किए जा रहे हैं। सुरक्षित यात्रा के लिए भारी वाहनों के लिए 80 व हल्के वाहनों के लिए गति सीमा 100 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से निर्धारित की गई है। इस बारे में स्पीड गवर्नर से तीन सौ मीटर पहले रोड पर रेड एंड व्हाइट कलर में मार्किंग भी करवाई गई है।

### तिपहिया वाहन व पशु रेहड़ी पर प्रतिबंध

रोड सेफ्टी को लेकर नेशनल हाईवे पर दोपहिया, तिपहिया, बैलगाड़ा, उंटगाड़ी व तांगा चलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जगह जगह स्पीड गवर्नर लगाए गए हैं, जो वाहनों की गति पर नियंत्रण रखने के लिए ऑनलाइन चालान में मदद करते हैं। हाई रेजुलेशन के पीटीए पुट टू जूम कैमरे 360 डिग्री पर घूम कर दिन रात पूरे घटनाक्रम को कैद करने में लगे हुए हैं। जिन पर ट्रैफिक मैनेजर व ऑपरेटर लगातार नजर बनाए रखते हैं।

### सर्दी व हादसों से बचाव के लिए उपाय जरूरी: डीसी

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि सर्दी के मौसम को देखते हुए कि वाहन चालक व आमजन शीतलहर की स्थिति से बचाव के उपाय करें। सुरक्षित यात्रा करें और प्रयास करें कि कोई भी व्यक्ति चाहे वह बेघर हो या अन्य खुले में न सोए। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए टोल फ्री नंबर 112 पर संपर्क करें। उन्होंने अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं, स्टाफ व हीटिंग सुविधाओं के साथ तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। डीसी ने कहा कि अत्यधिक ठंड के दौरान अनावश्यक बाहर जाने व यात्रा करने से बचें।

## न्यूज डायरी



### लघु सचिवालय पार्क में कराया सूर्य नमस्कार

**नारनौल।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में वाई ब्रेक प्रोटोकॉल के तहत लघु सचिवालय के पार्क में सूर्य नमस्कार के अभ्यास और इसके लाभों पर एक सत्र का आयोजन किया। योगाचार्य श्याम ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को व्यस्त कार्यसूची के बीच मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रखना है। उन्होंने कहा कि वाई ब्रेक के तहत प्रतिदिन 15 मिनट का एक लघु योग अभ्यास कर शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने सूर्य नमस्कार के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार 12 शक्तिशाली योग मुद्राओं का एक क्रम है। यह न केवल शरीर के लचीलेपन को बढ़ाता है, बल्कि रक्त परिसंचरण में सुधार कर एकाग्रता को भी तेज करता है।

### शहर में फिर चलेगा अतिक्रमण मुक्त अभियान

**महेंद्रगढ़।** अतिक्रमण मुक्त महेंद्रगढ़ अभियान के तहत एसडीएम कनिका गोयल ने दुकानदारों को सड़क पर व शॉपिंग कॉम्पलेक्स के बरामदों में अतिक्रमण न करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि शनिवार सुबहशहर में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जाएगा और सड़कों पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम कनिका गोयल ने कहा कि महेंद्रगढ़ में दुकानदार शॉपिंग कॉम्पलेक्स के बरामदे व सड़कों पर अपना कोई भी स्थाई या बेचने वाली वस्तु नहीं रखेंगे। सभी दुकानदार अपने अधिकृत क्षेत्र में ही अपना सामान रखें, जिससे आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### नियमों का उल्लंघन करने पर 10 वाहनों के काटे चालान

**महेंद्रगढ़।** यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 10 वाहन चालकों के पुलिस ने चालान काटे हैं और उन पर करीब 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दो बाइकों को इंपाउंड भी किया गया है। शुक्रवार को दुर्गा शक्ति टीम की इंचार्ज इंस्पेक्टर मीनाक्षी के नेतृत्व में शहर के मुख्य स्थानों पर नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों को खिलाफ सख्ती की गई। दुर्गा शक्ति टीम की इंचार्ज मीनाक्षी ने शहर के हुड्डा पार्क के नजदीक वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन चालकों के दस्तावेज व हेलमेट नहीं पहनने पर चालान किया गया है। उन्होंने बताया कि शहर के राजकीय महाविद्यालय, राजकीय महिला महाविद्यालय, महाराणा प्रताप चौक, राव तुलाराम चौक, हुड्डा पार्क के नजदीक वाहनों के चालान किए गए।


### 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर कल से

**महेंद्रगढ़।** संस्कृत भारती हरियाणा जिला संपर्क प्रमुख मास्टर दीपक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 जनवरी से 26 जनवरी तक हरियाणा संस्कृत भारती न्यास के सौजन्य से 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर महेंद्रगढ के मोढ़ा आश्रम मंदिर के समीप दोपहर बाद 3 बजे से 5 बजे तक चलेगा, जिसमें सभी सामाजिक जन आम बोलचाल में संस्कृत भाषा सीख सकेंगे। इस कैंप के 10 दिन में संस्कृत भाषा में बोलचाल करेंगे। जो लोग संस्कृत भाषा में बोलचाल सीखना चाहते हैं वे सभी इस शिविर में भाग ले सकते हैं। इस शिविर में नागपुर से प्रचारक एवं अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख श्री मां शिरीष देव पुजारी जी मुख्य शिक्षक के रूप में रहेंगे। उद्घाटन में मुख्य रूप से जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मनोज शास्त्री रहेंगे। इस अवसर पर प्रांत संपर्क प्रमुख अशोक बुचौली, सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रोफेसर डॉ. सुमन यादव, विभाग अध्यक्ष योग डॉ. नवीन यादव सेंट्रल यूनिवर्सिटी, प्रोफेसर देवेंद्र, प्रोफेसर सुमित, डॉ. प्रवीण सैनी, हनुमान यादव, सरपंच सोनू यादव, सरपंच बुचोली सोनू, प्रधान रमेश बोहरा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका महेंद्रगढ़ एवं कुलदीप पार्षद तथा धर्मेंद्र सैनी आदि उपस्थित रहेंगे।

### विधायक ने जताया सीएम का आभार

**नारनौल।** पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने शहर की 13 अवैध कॉलोनियों को वैध घोषित करने के ऐतिहासिक निर्णय पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कदम से शहर के हजारों परिवारों को बहुत बड़ी राहत मिली है, जो पिछले कई वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में संघर्ष कर रहे थे। विधायक ने कहा कि इन कॉलोनियों के नियमित होने के बाद अब यहां विकास के नए द्वार खुलेंगे। अब इन क्षेत्रों में पक्की सड़कों का निर्माण, आधुनिक स्ट्रीट लाइट व स्वच्छ पेयजल जैसी आवश्यक सरकारी सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध हो सकेंगी। जिससे स्थानीय निवासियों का जीवन स्तर बेहतर होगा।

### यादव सभा एडहॉक कमेटी अनिवार्य व दैनिक प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन तक ही रहेगी सीमित



**महेंद्रगढ़।** यादव सभा महेंद्रगढ़ में गठित एडहॉक कमेटी की कार्यप्रणाली को लेकर उत्पन्न स्थिति के संबंध में जिला रजिस्ट्रार, फर्म्स एंड सोसायटीज, नारनौल द्वारा अपने कार्यालय से औपचारिक पत्र जारी किया गया है। उक्त पत्र में एडहॉक कमेटी के अधिकार-क्षेत्र को स्पष्ट करते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि संस्था का संचालन नियमों एवं अधिनियम के अनुरूप ही किया जाए। जिला रजिस्ट्रार ने अपने आदेश में स्पष्ट रूप से निर्देश दिए हैं कि एडहॉक कमेटी केवल अनिवार्य एवं दैनिक प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन तक ही सीमित रहेगी। कमेटी का दायित्व केवल अस्थायी व्यवस्था के अंतर्गत संस्था के नियमित कार्यों को सुचारू बनाए रखना है न कि किसी प्रकार के नीतिगत या दीर्घकालिक निर्णय लेना। इन आदेशों का ही परिणाम है कि एडहॉक कमेटी को संस्था के नाम पर किसी भी प्रकार की नई योजना, परियोजना या विकास कार्य प्रारंभ करने, वित्त समिति अथवा किसी अन्य उप-समिति का गठन करने तथा संस्था के बजट से बड़ी धनराशि व्यय करने का कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं है। ऐसे सभी निर्णय केवल विधिवत निर्वाचित कार्यकारिणी के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। जिला रजिस्ट्रार ने यह निर्देश भी दिए हैं कि एडहॉक कमेटी को हरियाणा सोसायटी पंजीकरण विनियमन अधिनियम, 2012 एवं उससे संबंधित नियमों के अंतर्गत ही कार्य करना होगा। अधिनियम के प्रावधानों से परे जाकर किया गया कोई भी कार्य अनधिकृत माना जाएगा। आदेश में यह भी संकेत दिया गया है कि यदि एडहॉक कमेटी द्वारा निर्धारित सीमाओं का उल्लंघन किया जाता है अथवा अधिकार-क्षेत्र से बाहर जाकर कोई निर्णय लिया जाता है तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित नियमों के अंतर्गत आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। जिला रजिस्ट्रार द्वारा जारी इन स्पष्ट निर्देशों से यह संदेश जाता है कि संस्था की संपत्ति, वित्तीय संसाधनों और प्रशासनिक व्यवस्था की सुरक्षा सर्वोपरि है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता, मनमानी या दुरुपयोग को स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह आदेश संस्था में पारदर्शिता, अनुशासन और सदस्यों के हितों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कर्मचारियों ने किया राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। मीटिंग में भाग लेते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजि. नंबर 41) संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की मीटिंग लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन जिला सेक्रेटरी विजेंद्र शर्मा ने किया। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान कौशल यादव ने की। मीटिंग में राज्य कमेटी से राज्य महासचिव जनरल सिंह तथा राज्य प्रचार सचिव सुबह सिंह मौजूद रहे। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य 12 फरवरी 2026 को होने वाली राष्ट्रीय व्यापार हड़ताल की तैयारी को लेकर हुई।

महासचिव जरनैल ने सरकार की कर्मचारी विरोध नीतियों घोर आलोचना करते हुए कहा कि सरकार को 23 व 31 दिसंबर 2025 दिया गए हाई कोर्ट का आदेश मानते हुए कच्चे कर्मचारियों को रेगुलेजेशन पॉलिसी के तहत पक्का करना चाहिए। सन 1993, 1966, 2003 तथा 2011 की पॉलिसी में कवर होने वाले कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना चाहिए। गत 31 दिसम्बर 2025 को जिन कच्चे कर्मचारियों ने 10 साल की सेवा दी हैं, उनको भी पक्का किया जाए। सभी विभागों के लिए जो रेशनेलाइजेशन पॉलिसी को रद्द किया जाए। सरकार ने 29 लेबर कोड को खत्म कर 4 लेबर कोड बनाकर कर्मचारियों को कुचलने का काम किया है, उसको रद्द किया जाए। पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए। कर्मचारियों को मिलने वाले धुलाई भत्ते को मासिक वेतन में दिया जाए। ग्रुप डी कॉमन केडर को रद्द किया जाए और विभागों में खाली पड़े पदों को कर्मचारियों का प्रमोशन कर भरा जाए। सरकार आठवें पे कमिशन के लिए समय से कमेटी गठित करे और आठवें पे कमिशन का लागू किया जाए।

### ये रहे मौजूद

इस मीटिंग में सर्व कर्मचारी संघ जिला सचिव राहुल सारवन, प्रदेश सचिव महेंद्र बोयत, ब्लॉक प्रधान सचिन रंगा, भीम सिंह, नरेंद्र कुमार,सतीश कुमार, ओमबीर सिंह, संजय कुमार, सुनील कुमार, परमबीर, कपिल, नरेंद्र, ब्रांच सचिव आदित्य व अनिल समेत अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

**अभियान** | एसपी के निर्देश पर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान, सुरक्षा के लिए दिए कड़े निर्देश

# गणतंत्र दिवस: होटलों व धर्मशालाओं की ली गई तलाशी

- होटलों, रेस्टोरेंट, लॉज और धर्मशालाओं का औचक किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से महेंद्रगढ़ जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई भी कोताही न बरती जाए। इसके लिए पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने जिले के सभी थाना प्रभारियों व पुलिस अधिकारियों को अलर्ट रहने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। एसपी के इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में देर शाम जिलेभर में विशेष सुरक्षा एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत पुलिस टीमों ने अपने अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख होटलों, रेस्टोरेंट, लॉज व धर्मशालाओं का औचक निरीक्षण किया।

इस सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने महेंद्रगढ़ के विभिन्न होटलों व धर्मशालाओं में ठहरने वाले आगंतुकों के रजिस्टरों और पहचान पत्रों की बारीकी से जांच की। पुलिस ने होटल संचालकों व प्रबंधकों को स्पष्ट हिदायत दी है कि किसी भी व्यक्ति को बिना वैध पहचान पत्र और पूर्ण सत्यापन के कमरा न दिया जाए। साथ ही एसपी पूजा वशिष्ठ की ओर से यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि सभी संस्थानों में लगे सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे चालू हालत में रहें और उनमें रिकॉर्डिंग की क्षमता हो, ताकि सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी सुदृढ़ रहे और किसी भी असामाजिक गतिविधि पर नजर रखी जा सके।





नारनौल। होटल के रजिस्टर की जांच करते पुलिसकर्मी तथा चेकिंग अभियान चलाती डॉग स्क्वॉड टीम। फोटो : हरिभूमि

### सुरक्षा को लेकर जारी रहेगा अभियान

होटलों के निरीक्षण के अलावा पुलिस बल ने जिले के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व मुख्य बाजारों जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर गश्त करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की तलाशी भी ली। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने जिले के आम नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। यदि उन्हें अपने आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति, लावारिस वस्तु या संदिग्ध गतिविधि दिखाई दें, तो वे तत्काल इसकी सूचना डायल 112 या नजदीकी थाना को दें। गणतंत्र दिवस समारोह के सकुशल संपन्न होने तक पुलिस का यह विशेष निगरानी अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### भीड़भाड़ वाले स्थानों पर की छानबीन

गणतंत्र दिवस पर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने व सुरक्षा प्रबंधों को चाक चौबंद करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने कड़े दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसी कड़ी में सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के साथ अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर डॉग स्क्वॉड टीम के साथ सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान वहां मौजूद संदिग्ध वस्तुओं व व्यक्तियों की बारीकी से जांच की गई। पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए कि होटल, धर्मशाला, पार्किंग, मॉल व भीड़भाड़ वाले बाजारों की लगातार चेकिंग करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005